मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–8, अक्टूबर, 2008

## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं !

### श्री सतीश अग्रवाल

प्रिय बंधुओं,

आप सभी को प्रकाशपर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! हम आशा करते हैं कि दीपों का यह त्यौहार आपके जीवन में खुशियों की नई रोशनी लेकर आए।

दुनिया भर में छायी आर्थिक मंदी ने हर किसी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। औद्योगिक क्षेत्र पर भी इस आर्थिक मंदी का असर पड़ा है। कई बड़ी अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय कंपनियाँ इसकी चपेट में आकर दीवालिया होने की कगार पर पहुँच गयीं, जिसकी वजह से निवेशकों के मन में डर समा गया है। बैंको की हालत देख लोग आशंका के साए में जी रहे हैं। जबकि वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक क्षतिपूर्ति के प्रयासों में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच दीपावली के त्यौहार की खुशियाँ थोड़ी फीकी जरूर हुई है। मगर हमारा विश्वास है कि आनेवाले समय में हमारा देश निश्चित ही फिर से नयी ऊँचाईयों को छुएगा। निर्माण एवं बुनियादी क्षेत्र की रौनक जल्दी ही लौटेगी, हम विकास के उस दौर से गुजर रहे हैं जहाँ से हमें अभी बहुत आगे जाना है। इस बात को सारी दुनिया महसूस कर रही है कि एशियाई देशों में विकास की असीम संभावनाएं हैं, और यही हमारी कामयाबी की सीढ़ी है जिस पर चढ़कर हम अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ सकते हैं।



बंधुओं, कामधेनु इस्पात लिमिटेड का लक्ष्य है निर्माण एवं बुनियादी क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी बनना। इस लक्ष्य के हम काफी करीब पहुँच चुके हैं। एक ही छत के नीचे निर्माण एवं बुनियादी क्षेत्र की सभी जरूरतों को पूरा करने का सपना अब साकार होने को है। पिछली दीपावली से इस दीपावली तक के सफर में हमने प्लाईवुड और पेंट के नए कारोबार में हाथ डाला है। आपके भरोसे ने हमें न केवल देश के कोने–कोने तक पहचान दिलायी है बल्कि देश के बाहर भी हमने अपनी पहचान बनायी है। पड़ोसी देश नेपाल में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों को उपभोक्ताओं ने काफी पसंद किया है, और अब हम श्रीलंका, बांग्लादेश और भूटान में अपने कारोबार को बढ़ाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। हमने अपने उत्पादों को हमेशा उपभोक्ताओं की जरूरतों की कसौटी पर परखा है और गुणवत्ता के मानदंडों पर कभी कोई समझौता करने की कोशिश नहीं की है।

हमारा विशिष्ट फ्रेंचाइजी मॉडल अपनी सफलता की नयी–नयी दास्तान लिखता जा रहा है। 2500 से ज्यादा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों का नेटवर्क अपनी पूरी कर्मठता से कंपनी के साथ है । इनकी मेहनत और कंपनी पर कायम इनके भरोसे की बदौलत हम दुनियाभर की आर्थिक मंदी के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ते जा रहे हैं। इसी वजह से हम पर निवेशकों का भरोसा मजबूत बना हुआ है। इस मंदी के दौर में भी हमने कंपनी के 10 रुपए मूल्य वाले शेयरों पर 8 प्रतिशत का डिविडेंट देकर निवेशकों के भरोसे को और मजबूत करने की कोशिश की है।

हम अपने साथियों, सहयोगियों एवं कर्मचारियों के भी शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने अपनी पूरी निष्ठा का परिचय देकर कंपनी को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का काम किया है। हम अपने प्रबंधन का भी शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने कंपनी को हमेशा सही राह दिखाने का काम किया।

इसके साथ ही हम अपने उपभोक्ताओं को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने कंपनी के उत्पादों को हाथों–हाथ लिया और हमारा उत्साह बढाया। हम ईश्वर से यही कामना करते हैं कि हमारे उपभोक्ताओं का घर दीपावली के दीयों से इस तरह जगमगाए कि इसकी रोशनी देश और समाज में छाए आतंक के अंधियारे को दूर कर सके। हमारा आनेवाला कल अमन और भाईचारे का संदेश लेकर आए।

सतीश अग्रवाल,
(सीएमडी)

# जनकपुरी महोत्सव में "राम बारात" की प्रायोजक बनी कामधेनु

ताजमहल के शहर आगरा में दशहरा के ठीक पहले जनकपुरी महोत्सव मनाया गया। 25 सितंबर से 28 सितंबर तक चले चार दिन के इस महोत्सव का प्रतिदिन लगभग 10 लाख लोगों ने जीभरकर आनंद उठाया। इस अवसर पर एक भव्य "राम बारात" का आयोजन भी किया गया जिसे मख्य रूप से कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने प्रायोजित किया था।

महोत्सव में कंपनी के उत्पादों का एक बड़ा स्टॉल लगाया गया जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस स्टॉल के जरिए कामधेनु के उत्पादों को उन लोगों ने भी काफी करीब से जाना जिन्होंने अभी तक केवल इसकी खूबियों को दूसरों के मुँह सुना तो था पर इसे आजमाया नहीं था। कंपनी के उत्पादों की विशिष्टता को जानकर स्टॉल पर आनेवाले नए उपभोक्ताओं ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों को अपनाने में पूरी दिलचस्पी दिखायी।








महोत्सव में लगाए गए कामधेनु के स्टॉल एवं तोरण द्वार का दृश्य

कामधनी इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर, (ब्रांड प्रोमोशन) एवं श्री उदित गर्ग, सीनियर मैनेजर, (माकेटिंग), ने स्टॉल पर आने वाले सभी लोगों को कंपनी के उत्पादों के बारे में विस्तार से समझाया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। श्री दीनदयाल शर्मा ने कंपनी के नए पेंट उत्पाद "कलर ड्रीम्ज़" के बारे में लोगों को बारीकी से समझाया। श्री आशुतोष वार्ष्णेय ने इस कार्य में अपनी सक्रिय भागेदारी दिखायी। •




कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्कृष्ट टीएमटी सरियों की श्रृंखला में एक नया नाम जुड़ गया है "कामधेनु 6 एमएम टीएमटी", जो 6 एमएम के आम सरियों की तुलना में कई गुणा अधिक शक्तिशाली होने के साथ–साथ कई अन्य विशिष्टताओं से युक्त है। यह आईएसआई प्रमाणित होने के साथ–साथ आईएसओ की उत्तम गुणवत्ता के मानदंडों पर परखा हुआ उत्पाद है।

बाजार में 6 एमएम टीएमटी सरियों के उपलब्ध नहीं होने की वजह से वास्तुकारों एवं बिल्डरों द्वारा रिंग बनाने या वेल्डिंग के कामों में अभी तक 6 एमएम के आम सरियों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। टीएमटी सरिया आम सरियों की तुलना में कहीं अधिक शक्तिशाली, भूकंपरोधी एवं तापरोधी क्षमताओं से युक्त होते हैं। सख्त बाहरी सतह एवं नलिकानुमा किनारों की वजह से इसकी बंधन क्षमता अद्भुत है, जो इसे जोड़ों पर भी समान रूप से शक्तिशाली रखती है। इसी कारण बार–बार मोड़ने पर भी इसके चटखने की कोई गुंजाइश नहीं रहती। इनमें दबाव सहने की अतिरिक्त क्षमता होती है, और साथ ही यह आसानी से किसी भी स्वरूप में ढ़ाले जा सकते हैं। इसलिए वेल्डिंग और बाइंडिंग के कामों में खास तौर पर इनकी उपयोगिता महसूस होती है।

इसकी लचक और गुणवत्ता राउंड सरियों के मुकाबले कहीं अधिकहोती है, जबकि रिब्ज की वजह से सीमेंट पर इसकी पकड़ 15 प्रतिशत अधिक होती है। इसकी वजह सहने की क्षमता 17 टन तक पहुँचा दी गयी है। कामधेनु 6 एमएम टीएमटी 415Fe, 500Fe एवं 550Fe ग्रेड में आता है, जो इसे 6 एमएम राउंड सरिए के मुकाबले विशिष्ट बनाता है।

उपभोक्ताओं की जरूरतों के देखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 6 एमएम के टीएमटी सरियों को बाजार में उतारा है जो न केवल किफायती है बल्कि इस्तेमाल में काफी सुविधाजनक है। इतना ही नहीं, 8 एमएम की जगह 6 एमएम टीएमटी सरियों के बाजार में आ जाने से आपके निर्माण की कुल लागत में भी कमी आ जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें–09316670006, संजय जैन– 09811042278, रिप्पन कंसल– 0993833077, अजय पुरी– 09816021160, महेश पेडीवाल– 09414088831 •

# कामधेनु के एजीएम में बिखरी कामयाबी की मुस्कान




**एजीएम के दौरान (बाएँ से) निदेशक श्री सचिन अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल, श्री सुनील अग्रवाल, कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, कंपनी सचिव श्री संजीव बजाज, निदेशक श्री एम. के. दुग्गर एवं सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड (केआईएल) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) नई दिल्ली के रजोकरी में 29 सितंबर को आयोजित की गयी जिसमें कंपनी के निदेशकों, शेयरधारकों एवं कर्मचारियों के चेहरों पर कामयाबी की मुस्कान दिखाई दी। दुनियाभर में चल रही आर्थिक मंदी से बेअसर कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने न केवल अपने शेयरधारकों को 8 प्रतिशत का डिविडेंट देने की घोषणा की बल्कि अपने कर्मचारियों को रियायती दरों पर कंपनी के शेयरों का आबंटन करने की एक योजना को भी मंजूरी दी।

कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने शेयरधारकों के भरोसे एवं कर्मचारियों की निष्ठा को कामयाबी का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने कहा "कंपनी पर कायम इस भरोसे की झलक इसकी उपलब्धियों के रूप में साफ तौर पर दिखाई पड़ता है। 2007–08 के वित्त वर्ष में कंपनी की आय 19.5 प्रतिशत बढ़कर 355.60 करोड़ रुपए पर जा पहुँची, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 297.70 करोड़ रुपए थी। इसी प्रकार कंपनी के मुनाफे में 23 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी जो 11. 23 करोड़ रुपए से बढ़कर 13.78 करोड़ पर पहुँच गयी है। कंपनी अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने शेयरधारकों को देती है और उनके लिए 8 प्रतिशत का डिविडेंट देने की घोषणा करती है।"

कंपनी की दूरदर्शी नीतियों एवं विविधताओं को कामयाबी का मंत्र बताते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि धीरे–धीरे हम उस सपने को साकार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं जो कंपनी को निर्माण एवं बुनियादी क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी बना सकती है। अपने विशिष्ट फ्रेंचाइजी मॉडल के जरिए कंपनी नए–नए क्षेत्रों में अपने पाँव पसार रही है। देश भर में फैले कंपनी के 39 फ्रेंचाइजी न केवल इस महत्वपूर्ण लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर रहे हैं, बल्कि कंपनी की साख को दूर–दूर तक पहुँचाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं।

आज कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्कृष्ट उत्पादों की श्रृंखला में स्टील उत्पादों के अलावा यूपीवीसी पाइप, प्लाईवुड, पेंट जैसे नए–नए नाम जुड़ गए हैं। डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों का मजबूत तंत्र कंपनी के उत्पादों को न केवल देश के हर उपभोक्ता तक पहुँचाने में जुटा है बल्कि इन्हीं के प्रयासों की बदौलत कंपनी देश नेपाल में भी अपने कदम मजबूती से जमा चुकी है।

कंपनी के उत्पादों की विशिष्टताओं एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता ने इसकी साख को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने में मदद की है। कामधेनु के सभी उत्पाद अपनी विश्वसनीयता एवं उपभोक्ताओं की जरूरतों की कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरे हैं। •

## चुनावों के मौसम में बँटवारे की राजनीति

चुनावों का मौसम है। राजधानी दिल्ली और जम्मू–कश्मीर सहित देश के छः राज्यों में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। राजनीतिक सरगर्मियाँ तेज होती जा रही हैं। टिकटों की होड़ शुरू हो चुकी है। बड़े राजनीतिक दल चुनाव जिताऊ मुद्दों की तलाश में जुटे हैं जबकि छोटे दल तरह–तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इस रस्साकसी के बीच कहीं न कहीं आतंक का साया भी मंडरा रहा है। जिसने दशहरे और ईद की खुशियों को फीका करने की पूरी कोशिश की है। दीपावली का त्यौहार भी इससे बच नहीं पाया है। लोग थोड़े सहमे जरूर हैं, मगर अपने देश की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का निर्वाह करने में पीछे नहीं हैं और साथ ही अपनी खुशियाँ एक–दूसरे से बाँट रहे हैं।

हालांकि इन खुशियों पर राजनीति का ग्रहण भी लगा है। एक ओर अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर राजनीति की रोटियाँ सेंकने की कोशिश की जा रही है, तो दूसरी ओर भाई–भाई को लड़ाने का खूनी खेल चल रहा है। इस खेल के नए खलनायक बनकर उभरे राज ठाकरे महाराष्ट्र के मराठी मानुष के हितों के नाम पर हीरो बनने की कोशिशों में जुटे हैं। सरकार पर लगातार पड़ रहे दबाव की वजह से उन्हें हिरासत में जरूर लिया गया, जिससे उनके समर्थक तोड़–फोड़ पर उतारू हो गए। सरकारी एवं निजी संपत्तियों को निशाना बनाया गया। उधर सपनों की नगरी मुंबई में रेलवे की परीक्षा देने आए उत्तर भारतीयों पर जी भरकर कहर बरपाया गया। इसकी गूँज राजनीति के गलियारों में भी गूँजी।

कुल मिलाकर कहा जाए तो इन सारी गतिविधियों ने राज ठाकरे जैसे राजनेताओं को शह देने का काम किया है। क्षेत्रवाद की आग को हवा देकर न केवल उन्होंने अपनी रानीतिक महत्वाकांक्षा को परवान चढ़ाया है बल्कि प्रदेश की जनता के बीच उनका कद भी ऊँचा हुआ है। जबकि देश की जनता इन हरकतों से आहत है। यह न केवल राष्ट्र की संप्रभुता के लिए खतरे का संकेत है बल्कि इससे संविधान के ढाँचे को भी आँच आयी है। चुनावों के नतीजे जो भी हो, लेकिन भाई से भाई को लड़ाने की यह नीति एक खतरनाक परंपरा को आगे बढ़ा सकती है, जिसपर जल्द से जल्द अंकुश लगाने की जरूरत है। •

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08



## दिल्ली, हरियाणा में हुई कामधेनु पेंट की पेंटर मीट




पेंटर मीट के दौरान श्री अनिल राज (एएसएम) एवं अन्य

त्यौहारों के मौसम में कामधेनु पेंट (कलर ड्रीम्ज़) के सुनहरे रंगों की विशेष पहचान को उपभोक्ताओं के बीच पहुँचाने के लिए दिल्ली एवं हरियाणा में पेंटर मीट का आयोजन किया गया। नई दिल्ली के लाजपतनगर में 13 सितंबर को आयोजित इस मीट में 50 से ज्यादा पेंटरों ने हिस्सा लिया। कामधेनु पेंट की ओर से श्री अनिल राज (एएसएम), श्री सुनील कुमार एवं श्री शादाब हमीद (एसएसओ) ने पेंटरों को इन उत्पादों की विशिष्टताओं से अवगत कराया। इसके साथ ही कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अन्य उत्पादों के बारे में पेंटरों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

इसी तरह की एक मीट हरियाणा के औद्योगिक शहर यमुनानगर में 16 सितंबर को आयोजित की गयी जिसमें लगभग 70 पेंटरों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कामधेनु पेंट की ओर से श्री अनिल राज एवं सुनील कुमार के साथ–साथ प्रवीण कुमार एवं संतोख सिंह भी वहाँ मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम को छः बजे हुआ। इसके बाद वहाँ मौजूद सभी आगंतुकों को कंपनी के उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी और साथ उनके सवालों का भी जवाब दिया गया। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य था कामधेनु पेंट के उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाना, जिसके लिए पेंटर काफी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। कामधेनु पेंट के उत्पादों की विशिष्टताओं को जानकर पेंटरों ने इसे अपनाने में गहरी रुचि दिखायी। •



# सार्वजनिक सूचना

KAMDHENU STEEL
Sampurna Suraksha Ki Guarantee

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि **कामधेनु इस्पात लिमिटेड** अपने सभी उत्पादों का निर्माण व वितरण केवल **कामधेनु** के नाम से करता है। इसके अलावा **कामधेनु इस्पात लिमिटेड, कामधेनु पेंट्स** का **कलर ड्रीम्ज़** (Colour Dreamz) के नाम से और U.P.V.C. उत्पादों को टफविंड (Tuffwind) के नाम से उनका वितरण करता है। **कामधेनु इस्पात लिमिटेड** व **कामधेनु** प्रोडक्ट का उपरोक्त ब्रांड्स के अलावा और किसी भी उत्पाद से कोई संबंध नहीं है। हाल ही में हमें यह जानकारी मिली है कि कुछ अन्य ब्रांड के सरिये को **कामधेनु** का प्रीमियम उत्पाद बताकर उसका प्रचार किया जा रहा है, जो कि असत्य है। **कामधेनु** का इन उत्पादों से कोई लेना–देना नहीं है। असली **कामधेनु सरिया** के प्रत्येक मीटर पर **कामधेनु** की मोहर लगाई जाती है, एवं **कामधेनु इस्पात लिमिटेड** का किसी और ब्रांड के सरिया व अन्य उत्पादों की क्वालिटी एवं स्टैन्डर्ड से कोई वास्ता नहीं है। खरीददार इन उत्पादों को कामधेनु सरिया का उत्पाद समझकर न खरीदें और इसके लिए **कामधेनु इस्पात लि.** किसी भी हालत में जिम्मेवारी नहीं लेगा।

उपभोक्ता, विक्रेता, वितरक, थोक व्यापारी, मीडिया तथा अन्य जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापनों एवं प्रचारों पर ध्यान न दें। **कामधेनु इस्पात लिमिटेड कामधेनु ब्रांड** के तहत ही स्टील बार्स (सरिया) का उत्पादन करता है, तथा इनका किसी और नाम एवं स्टाइल वाले उत्पादों से कोई संबंध एवं व्यावसायिक साझेदारी नहीं है।

**कामधेनु इस्पात लिमिटेड**
दूसरी मंजिल, टावर ए, बिल्डिंग न.– 9, डीएलएफ साइबर सिटी, फेस–3, गुड़गाँव – 122002, दूरभाष : 0124 4604500 फैक्स नं. : 0124 4218524


## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री बुला राम
**मेसर्स जिंदल एन्टरप्राइज**
ग्रेन मार्किट
निहाल सिंह वाला
मोगा, पंजाब
मो– 9855364067

श्री सुशील गुप्ता
**मेसर्स ग्रीन हार्डवेयर**
19,राजा रोड़
देहरादून,उत्तराखण्ड,
मो–9897227032

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com